**NEWS CLIPPING: 11.06.2021**

# THE TRIBUNE

# EDUCATION NOTES




## THREE-DAY TRAINING PROGRAMME

**Faridabad:** To increase the work efficiency of non-teaching staff, JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad has organised a three-day training programme on 'Office procedures and RTI Act, 2005'. The programme was attended by all non-teaching and administrative officials of the university. The programme was inaugurated by Prof Dinesh Kumar, Vice-Chancellor of the university, who spoke about the objective behind conducting such programmes for the university employees. Jitender Sihwag, Deputy Director in the Ministry of Public Grievances, Government of India, was the resource person during the inaugural session. The VC said with the expansion of the university, the administrative work in the university had increased and new recruitment had been made. To improve the functioning of the university, it is required for all employees, especially new appointees, to attain knowledge of rules, regulations and procedures of the university so as to increase the efficiency of their administrative work, he added.


The Tribune Fri, 11 June 2021 https://epaper.tribunein

**NEWS CLIPPING: 11.06.2021**

**PUNJAB KESARI**

# कार्यालय प्रक्रियाओं से अवगत करवाने के लिए दिया प्रशिक्षण

## विश्वविद्यालय शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गुणवत्ता के लिए प्रतिबद्धः दिनेश कुमार

फरीदाबाद,10 जून (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा गैर-शिक्षण कर्मचारियों की कार्य कुशलता में दक्षता लाने के लिए 'कार्यालय प्रक्रिया और आरटीआई अधिनियम, 2005' पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी गैर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों हिस्सा ले रहे है।

कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया और विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के लिए इस तरह के कार्यक्रम की उपयोगिता एवं उद्देश्यों के बारे में बताया। केन्द्र सरकार के लोक शिकायत मंत्रालय उप निदेशक



*प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, साथ में मुख्य वक्ता जितेंद्र सिहवाग।*

जितेंद्र सिहवाग उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग भी उपस्थित थे।

सत्र का संचालन उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. मेहा शर्मा द्वारा किया गया। अपने संबोधन में कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के विस्तार से प्रशासनिक कामकाज बढ़ गया है, जिसे ध्यान में रखते हुए नई भर्तियां की गई हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के कामकाज में सुधार के लिए सभी कर्मचारियों, विशेष रूप से नवनियुक्त कर्मचारियों के लिए आवश्यक है कि वे विश्वविद्यालय के नियमों, विनियमों और प्रक्रियाओं का ज्ञान प्राप्त करें ताकि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कामकाज की दक्षता आ सके। इससे पहले, डॉ. मेहा शर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया तथा तीन दिवसीय कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत किया, जिसमें कार्यालय प्रक्रियाओं, आरटीआई अधिनियम के प्रावधानों और अकाउंट सॉफ्टवेयर की उपयोग पर विशेषज्ञ सत्रों का आयोजन एवं प्रशिक्षण दिया जायेगा। उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता जितेंद्र सिहवाग ने नोटिंग, ड्राफ्टिंग और मैनुअल तैयार करने सहित विभिन्न कार्यालय प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कर्मचारियों को आधिकारिक दस्तावेजों और प्रक्रियाओं के प्रारूपण से परिचित कराने के लिए विभिन्न उदाहरणों प्रस्तुत किए।

**NEWS CLIPPING: 11.06.2021**

## SATYAJAY TIMES

# आगामी सत्र से सामाजिक कार्य में डिग्री पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है जे.सी. बोस विश्वविद्यालय

**फरीदाबाद, 11 जून, सत्यजय टाईम्स/सुनील अग्रवाल।** सामाजिक कल्याण क्षेत्र के लिए कुशल कार्यकताओं की जरूरत को पूरा करने के लिए जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद आगामी शैक्षणिक सत्र से सामाजिक कार्य में स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है। इस आशय की जानकारी देते हुए कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुरूप लिबरल आट्र्स पाठ्यक्रमों पर विशेष ध्यान दे रहा है। उन्होंने कहा कि लिबरल आट्र्स पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को जीवन के वास्तविक कौशल प्रदान करते है, जिसमें गहन सोच, संचार, समस्याओं के रचनात्मक समाधान, आत्म-अभिव्यक्ति, अभिनव अनुसंधान, और आजीवन सीखने जैसे कौशल शामिल है। यह छात्र के लिए एक अच्छे करियर के विकल्प प्रदान करता है। विश्वविद्यालय समय-समय पर विद्यार्थियों में सामाजिक सरोकार की भावना को प्रेरित करने के लिए विभिन्न पहल करता रहा है और अब सामाजिक कार्य को लेकर पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि विश्वभर में विभिन्न प्रकार की विषम समस्याओं के समाधान में सामाजिक कार्यकताओं की अहम भूमिका होती है, इसलिए इस क्षेत्र में करियर की प्रबल संभावनाएं है। लिबरल आट्र्स एवं मीडिया स्टडीज संकाय के अंतर्गत विश्वविद्यालय पत्रकारिता एवं जनसंचार में बीए और एमए, अंग्रेजी में एमए और मल्टीमीडिया एवं एनिमेशन में बीएससी जैसे पाठ्यक्रम पहले से ही चला रहा है। लिबरल आट्र्स एवं मीडिया स्टडीज संकाय के डीन प्रो. अतुल मिश्रा ने बताया कि सामाजिक कार्य में करियर का दायरा काफी विस्तृत है क्योंकि दुनिया भर में इस क्षेत्र में कुशल कार्यकताओं की सख्त जरूरत है। फिर चाहे वह सरकारी क्षेत्र हो या निजी संगठन या गैर सरकारी संगठन। इन सभी क्षेत्रों में गरीबी, बाल शोषण, घरेलू हिंसा, मादक द्रव्यों के सेवन, बाल श्रम और कई अन्य समस्याओं जैसी स्थितियों से निपटने के लिए कुशल कार्यकताओं की आवश्यकता होती है। इस प्रकार, सामाजिक कार्य में डिग्री रखने वाले स्नातकों के पास सामुदायिक विकास, शिक्षा, उद्योग, परामर्श, परिवार, पुनर्वास केंद्र, स्वास्थ्य देखभाल, महिलाओं, बच्चों, विकलांगता और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्रों में रोजगार के कई अवसर होते हैं।

**NEWS CLIPPING: 11.06.2021**

**NAVBHARAT TIMES**

# कर्मचारियों का हुआ प्रशिक्षण

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस यूनिवर्सिटी की तरफ से गैर शिक्षण कर्मचारियों की कार्य कुशलता में सुधार लाने के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें यूनिवर्सिटी के सभी गैर शैक्षणिक व प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन कर्मचारियों के लिए काफी उपयोगी होते हैं। यूनिवर्सिटी के विस्तार से प्रशासनिक कामकाज बढ़ गया है, जिसे ध्यान में रखते हुए नई भर्तियां की गई हैं। यूनिवर्सिटी के कामकाज में सुधार के लिए सभी कर्मचारियों, विशेष रूप से नवनियुक्त कर्मचारियों के लिए आवश्यक है कि वह यूनिवर्सिटी के नियमों, विनियमों व प्रक्रियाओं का ज्ञान प्राप्त करें। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद जितेंद्र ने नोटिंग, ड्राफ्टिंग व मैनुअल तरीके से की जाने वाली विभिन्न कार्यालय प्रक्रियाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. एके गर्ग और मेहा शर्मा भी मौजूद थीं।